हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026



# 28 फरवरी से पहले शत-प्रतिशत उठाव का चैलेंज, रोज 350 ट्रकों से उठ रहा धान

## जिले में अब तक 34 फीसदी धान का उठाव, 66 प्रतिशत अब भी उपार्जन केंद्रों में डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफलतापूर्वक धान खरीदी के बाद अब जिला प्रशासन ने उठाव का जिम्मा उठा लिया है। 31 जनवरी तक सुस्त रफ्तार से होने वाले धान के उठाव में अचानक रफ्तार आ गई है। आलम यह है कि पिछले एक सप्ताह से रोजाना साढ़े तीन सौ ट्रकों के जरिये उठाव का काम हो रहा है। जिसका असर है कि महज पांच दिनों में 14 फीसदी से अधिक उठाव कर लिया गया है। प्रशासन आगामी 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत उठाव पूरा करने का चैलेंज लेकर काम कर रहा है।

कलेक्टर जितेंद्र यादव ने धान खरीदी के दौरान जिस तरह से फील्ड में रहकर मॉनिटरिंग का सिस्टम बनाया था, वैसा ही सिस्टम अब उठाव के लिए तैयार किया गया है। जिसमें खाद्य विभाग के साथ ही मार्कफेड को भी उठाव में तेजी रखने के निर्देश जारी किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक उठाव के लिए 30 लाख क्विंटल के लिए डीओ और टीओ जारी किया जा चुका है। हालांकि अभी भी समितियों में 41 लाख क्विंटल धान डंप है। अगले एक महीने में इसका उठाव कर पाना संभव नजर नहीं आ रहा है।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जहां राईस मिलर्स धान की मिलिंग के लिए उपार्जन केंद्रों से उठाव कर रहे है। वहीं ट्रांसपोर्टस के जरिए धान का उठाव कर उसे संग्रहण केंद्रों में डंप करने की प्रक्रिया की जा रही है। ज्ञात हो कि बेमौसम बारिश की स्थिति में लाखों रुपए का धान खराब हो सकता है। यही कारण है कि उठाव तेज कर दिया गया है।

### मिलर्स-ट्रांसपोर्टर जुटे

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र धान उठाव एवं मिलिंग के लिए जिले के कुल 82 राईस मिलर्स से अनुबंध किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले साल का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स से इस बार अनुबंध नहीं किया गया है। वहीं चार ट्रांसपोर्टर से भी इस बार उठाव के लिए अनुबंध किया गया है। मिलर्स और ट्रांसपोटर्स मिलाकर रोजाना साढ़े तीन सौ से अधिक ट्रकें उठाव कार्य में जुटी हुई है।

### खास बातें

- जिले में उठाव के लिए 82 मिलर्स से हुआ अनुबंध
- 28 फरवरी तक उठाव पूरा करने के प्रयास में जुटा जिला प्रशासन



### अब 40 लाख क्विंटल जाम

राजनांदगांव जिले में अब तक 124100 किसानों से कुल 6254837 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसमें अब तक 2265030 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। अब जिले में लगभग 40 लाख क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में डंप पड़ा हुआ है। वहीं केसीजी जिले में 16.11 लाख क्विंटल का उठाव हुआ है, 21 लाख क्विंटल धान जाम है। एमएमसी जिले में 4.68 लाख क्विंटल का उठाव हुआ है, 15.40 लाख क्विंटल धान जाम है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम श्रीगणेश-हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में मिथिला महिला मंडल द्वारा मैथिल समाज के बुजुर्गों का जिनकी आयु 80 वर्ष से ऊपर है, उनका सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम कल 8 फरवरी संध्या 4 से 4 बजे तक किया जाएगा।

मिथिला महिला मंडल की श्रीमती सलिला ठाकुर ने बताया कि हमने सभी बुजुर्ग परिवार से संपर्क किया है, यदि किसी परिवार में 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग हैं और उनसे संपर्क नहीं हो पाया है तो वह अपना नाम अशोक चौधरी अध्यक्ष मिथिलाधाम गणेश मंदिर के पास लिखवा दें, ताकि कोई भी समाज के बुजुर्ग इस सम्मान से वंचित न रहे।

अशोक चौधरी ने बताया कि पूर्व में भी मिथिलाधाम गणेश मंदिर में बुजुर्गों का सम्मान नरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था। उस समय अगुवाई पुरूषों ने किया था। इस बार मिथिला महिला मंडल द्वारा यह पहल किया जा रहा है।

**फार्म हाउस जमीन बेचना हैं**

नदी किनारे रिवर व्यू फार्म हाउस जमीन मुडपार डामर रोड पर स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653, 8770053130

## एक बाइक में चार बच्चे को लेकर जा रहा था युवक, माजदा में जा घुसा

# जसगीत सुनने बाइक से जा रहे दो मासूम सहित तीन की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडई देखने के बाद बाइक में 5 लोग सवार होकर जसगीत सुनने के लिए अन्य गांव जाने रवाना हुए थे इस दौरान टर्न हो रही एक माजदा ट्रक से जा बाइक जा भिड़ी जिससे बाइक सवार युवक सहित बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस जबर्दस्त दुर्घटना में युवक सहित दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम थनौद में आज मंडई मेला का आयोजन था। मंडई देखने के बाद बाइक में सवार होकर सूरज यादव 24 वर्ष निवासी थनौद एवं चाार बच्चे ग्राम जराही जाने के लिए निकले हुए थे। वे ग्राम फुलझर के पास बोल बम धनांश इंजीनियरिंग स्टील कंपनी के सामने जैसे ही पहुंचे थे कि मोटर साइकल माजदा ट्रक के पीछे जा भिड़ी। बताया गया कि उक्त दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक सवार सहित चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार उक्त दुर्घटना में सूरज यादव पिता नंदकुमार यादव 24 वर्ष निवासी थनौद दुर्ग एवं दो अन्य बालक की मौत हो गई है। वहीं बाइक में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें दुर्ग चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में माजदा ट्रक को थाने में लाकर रखा गया है। घटना स्थल पर बाइक में शराब की बोतल भी मिली है। सोमनी पुलिस इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। शहरी सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों में लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। पूर्व में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सड़क हादसों की खबरें आते रही है। बढ़ रही सड़क हादसों का प्रमुख कारण वाहनों की तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाया जाना भी माना जा रहा है।

## रेंगाकठेरा में दो बाइक आपस में भिड़ी, दो की मौत

### खास बातें

- दुर्घटना में घायल हुए दो मासूम बच्चे दुर्ग के लिए रिफर
- मंडई में शामिल होकर जसगीत सुनने जा रहे थे फुलझर गांव




### बाइक में भिड़ंत

इधर सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात ग्राम रेंगाकठेरा के पास रोड में दो बाइक सवारों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें दो युवकों की मौत होने की खबर है। पुलिस के अनुसार बीती रात रेंगाकठेरा गांव के पास रोड में दो बाइक सवार अलग अलग दिशा से आ रहे थे। वे जैसे ही उक्त गांव के समीप पहुंचे थे कि दोनों बाइकों के बीच जबर्दस्त भिड़त हो गई जिससे बाइक में सवार लोगों को गंभीर चोंटे आई थी। पुलिस के अनुसार प्रितेश बागडे की कल मौत हो गई थी। वहीं उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती युवक तरूण पटेल की आज मौत हो गई।

### तीन की मौके पर मौत

इस जबर्दस्त दुर्घटना में सूरज यादव 24 वर्ष निवासी थनौद एवं दो बच्चे को गंभीर चोंटे आई थी। जिससे तीनों की मौत हो गई। तीनों को मेडिकल कॉलेज पेंड्री भेजा गया। बताया गया कि उक्त घटना में दो अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार हेतु दुर्ग के चिकित्सालय भिजवाया गया है। इस घटना से मृतकों के गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद माजदा ट्रक को थाना में रखा गया है। घटनास्थल पर बाइक से शराब की बोतल भी मिली है। पुलिस द्वारा ट्रक चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# इडली दुकान के पीछे जुए के फंड में दबिश, सात पकड़ाए, 51 हजार जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ रेलवे चौक के पास इडली दुकान के पीछे एकत्र होकर कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और 7 आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 51,070 रुपए एवं ताशपत्ती बरामद किया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संतोष जायसवाल के नेतृत्व में एएसआई डेज लाल मंडले, आरक्षक योगेन्द्र देशमुख, किशन चंद्रा, रामखिलावन, नरेंद्र प्रजापति, अविलाश ढिढी, दिलीप साहू, हरदयाल कंवर, लीलाधर मंडलोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मौके पर पुलिस की रेड कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 7 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे चौक स्थित अन्ना इडली दुकान के पीछे डोंगरगढ़ में कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते डोंगरगढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 7 आरोपी संदीप देवांगन 33 वर्ष निवासी कंजरापारा, राजवीर सिंह 29 वर्ष निवासी बुधवारीपारा, रामकृष्ण साहू 52 वर्ष निवासी बुधवारीपारा, मोहम्मद इमरान 26 वर्ष निवासी कालकापारा, सैय्यद इमरान 26 वर्ष निवासी कश्मीरी पारा, पवन गौली 26 वर्ष निवासी बुधवारी पारा, इन्द्रजीत सिंह 60 वर्ष निवासी बुधवारीपारा को 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों से कुल 51,070 रुपए जब्त कर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(1) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

## मांय एंगल




# म्यूल एकाउंट मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



म्यूल एकाउंट मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत म्यूल एकाउंट के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी आवेश 24 वर्ष व मुकेश कुमार वैष्णव 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर 6 फरवरी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# रंजिश पर वाद-विवाद प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रंजिश के चलते आपस में वाद-विवाद कर रहे पांच अनावेदकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान कार्रवाई किया जा रहा है। चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत ग्राम अंजोरा में आपसी रंजिश में वाद-विवाद कर कानून एवं शांति व्यवस्था को भंग करने वाले अनावेदक छोटू कुमार राम 25 वर्ष, राजू राम 40 वर्ष, मिथलेश साहू 28 वर्ष, गेमन साहू उर्फ करण 21 साल, पितरूष गिलवा 19 साल सभी निवासी ग्राम अंजोरा के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएस का इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश कर आदेशानुसार जेल में दाखिल किया गया है।

# सट्टा-पट्टी के साथ आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों पर कार्रवाई की हैं। आरोपियों से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 फरवरी को कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शास्त्री चौक तुलसीपुर के पास पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर अविनाश रामटेके उर्फ गोलू 29 वर्ष शास्त्री चौक तुलसीपुर को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से नगदी रकम 3040 रुपए, सट्टा-पट्टी, नोटबुक, मोबाइल, डाटपेन जब्त कर धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 कायम कर गिरफ्तार कर 4 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपने मेमोरंडम में सट्टा से प्राप्त रकम व सट्टा-पट्टी को इम्तियाज वारसी निवासी नवागांव को प्रतिदिन देना बताया गया। उक्त मेमोरंडम के आधार पर आरोपी इम्तियाज वारसी 46 वर्ष नवागांव को 6 फरवरी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया है।

### रंगे हाथों पकड़ाया

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि रविन्द्र बाघमारे कक्कड़ गोदाम के सामने भगत सिंह चौक स्थित अपनी कपड़ा प्रेस दुकान में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखकर अंकों पर रुपए-पैसों का दांव लगा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग रेडमी कंपनी का मोबाइल तथा नगद 33,000 रुपए जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# त्रिवेणी परिसर में चाकू दिखाकर लोगों को धमकाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी से एक धारदार चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत 7 फरवरी को पुलिस को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति त्रिवेणी परिसर के पास हाथ में धारदार चाकू लहराते हुए आम जनता एवं राहगीरों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर टीम रवाना कर आम स्थान पर चाकू लहराने वाले आरोपी नितिन यादव 19 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

## बधियाकरण का कार्य कर रही एजेंसी की कार्यप्रणाली भी सवालों से घिरी

# शहर में घूम रहे पांच हजार से अधिक आवारा श्वान, निगम ने सिर्फ 800 के बधियाकरण का दिया टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों की आबादी को देखते हुए नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष बधियाकरण करने के लिए टेंडर के माध्यम से संबंधित कंपनियों को कार्य दिया जाता है। शहर में लगभग पांच हजार से अधिक आवारा कुत्ते हैं। इनमें से आठ सौ कुत्तों के बधियाकरण को लेकर हरियाणा के नैन फाउंडेशन को काम दिया गया है। इस फाउंडेशन द्वारा शहर में कुत्तों की धरपकड़ करते हुए उनका बधियाकरण किया जा रहा है और इसके बाद उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा भी जा रहा है।



आवारा कुत्तों के बधियाकरण के लिए प्रतिवर्ष नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी इन कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शहर में कुत्तों की संख्या अधिक है, लेकिन बधियाकरण के लिए टारगेट काम रखा गया है। हालांकि पहले 700 कुत्तों का बधियाकरण किया जाना था, जिसे अब बढ़ाकर 800 कर दिया गया है, लेकिन शहर में कुत्तों की आबादी के मुकाबले यह संख्या भी काफी कम है। यही वजह है कि बधियाकरण के बाद भी इनकी संख्या बढ़ रही है।

### कान पर लगाते हैं कट

आवारा कुत्तों की बधियाकरण के लिए नैन फाउंडेशन द्वारा दो चिकित्सक के साथ कुल 8 लोगों का स्टॉफ रखा गया है। वहीं शासकीय पशु चिकित्सा द्वारा भी यहां पर निरीक्षण किया जाता है। नैन फाउंडेशन को एक कुत्ते के बधियाकरण के लिए लगभग 950 रुपए की राशि दी जाती है। बधियाकरण होने के बाद कुत्तों को वापस छोड़ने से पहले उनके कान पर कट लगाकर निशाना बना दिया जाता है, ताकि इन कुत्तों की पहचान हो सके और दोबारा से उन्हें बधियाकरण के लिए नहीं लाया जाए।

### पांच दिन का क्वॉरेंटाइन

बधियाकरण की प्रक्रिया लगभग 7 दिन की होती है। पहले दिन सड़क से कुत्तों को उठाकर पशु जन्म नियंत्रण केंद्र लखोली ले जाया जाता है। एक दिन भूखा रखने के बाद दूसरे दिन सर्जरी कर नसबंदी की प्रक्रिया की जाती है। वहीं इसके बाद 5 दिन का एंटीबायोटिक डोज देकर उन्हें श्वान आश्रय केंद्र में क्वॉरेंटाइन किया जाता है, ताकि उन्हें इन्फेक्शन से बचाया जा सके। इस दौरान उन्हें खाने के लिए सामान्य चावल और चिकन दिया जाता है।

### बधियाकरण से हिंसक नहीं होते कुत्ते

नैन फाउंडेशन के विकास का कहना है कि बधियाकरण से कुत्ते हिंसक नहीं होते हैं। धीरे-धीरे उनमें हिंसक्ता खत्म हो जाती है और वह आक्रामक नहीं होते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 230 कुत्तों को सड़क से उठाया गया है। जिसमें से लगभग 200 का बधियाकरण कर उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### गिरगांव में जयंती कार्यक्रम आज

**डोंगरगांव।** तहसील डड़सेना कलार समाज के अधीन आने वाले ग्राम गिरगांव में माता बहादुर कलारिन का जयंती कार्यक्रम कल 8 फरवरी को रखा गया है। कार्यक्रम में सुबह 11 बजे कलश यात्रा के साथ आरंभ होगा। कलश यात्रा के बाद माता बहादुर कलारिन की पूजा कर दीप प्रज्वलित किया जाएगा। अतिथियों के सम्मान एवं संबोधन के बाद भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम तहसील के मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, गोकुल सिन्हा, सीताराम सिन्हा, बिसौहा सिन्हा, टीकम सिन्हा सहित अन्य शामिल होंगे। यह जानकारी लोकेश सिन्हा ने दी।

### सात जोड़ों का ब्याह आज

**अंबागढ़ चौकी।** बिहरीकला में कल 8 फरवरी को कोसरिया पटेल समाज ने आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया है। मुख्य अतिथि विधायक इंदरशाह मंडावी, विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार ध्रुव, डा केके पाटिल होंगे। अध्यक्षता देवकुमार पटेल करेंगे। आयोजन में 7 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस मौके पर स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान का भी आयोजन रखा गया है। यह जानकारी देशन पटेल ने दी।

### बम्लेश्वरी के दरबार पहुंची सरोज पांडे



**डोंगरगढ़।** राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे का गत दिनों डोंगरगढ़ आगमन हुआ। इस दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष राकेश पांडे भी उपस्थित थे। उन्होंने मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन किया। होटल राज इन में संचालक हरविंदर एस. मंगे से मुलाकात की। इस मौके पर ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, महेंद्र अग्रवाल, संतु राव, विजेंद्रसिंह ठाकुर, वीरेंद्र साहू, प्रिंस कक्कड़, सुमित मिश्रा, मनीष चक्रवर्ती, आकाशसिंह राजपूत मौजूद थे।

### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**छुरिया।** भंडारपुर एवं अन्य ग्राम पंचायतों में शनिवार को चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रोजगार दिवस के तहत ग्राम पंचायतों में चस्पा क्यूआर कोड को स्कैन कर श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। नरेगा के तहत आजीविका डबरी निर्माण, जल संरक्षण कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया गया। इसी क्रम में आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, स्वीकृत आवासों के प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया।

### फार्म-7 के सहारे वर्ग विशेष को निशाना बनाने का आरोप, पीड़ितों में जमकर नाराजगी

# अब लोगों को बताना पड़ेगा कि-साहब मैं जिंदा हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से नाम काटने को लेकर गंभीर आरोप लग रहे है।

- एसआईआर की आड़ में चल रहा बड़ा खेल
- मतदाता बार-बार पेशी होने से परेशान

आरोप है कि बिना ठोस सबूत के फार्म-7 के जरिए एक वर्ग विशेष के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है जिसका जीवंत शिकार शहर की एक और वयोवृद्ध महिला भी हुई है। इस उम्रदराज महिला को अब अपने जिंदा होने का सबूत देना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार एक ही व्यक्ति ने बड़ी संख्या में मतदाताओं के खिलाफ शिकायतें की है जिसमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनके बाप- दादा- परदादा वर्षों से स्थानीय निवासी रहे हैं। उनका जन्म भी यहीं हुआ और उनकी बेटियों की शादियां भी यहीं हुई हैं। इसके बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की मांग की

#### सबूत देने के बाद भी पेशी



पीड़ित पक्ष का कहना है कि एसआईआर के दौरान 2003 की मतदाता सूची सहित सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद भी उन्हें बार-बार पेशी में बुलाया जा रहा है, जिससे मानसिक और प्रशासनिक दबाव बन रहा है।

#### हर चुनाव में किया मतदान

नूरजहां ने बताया कि आजादी के समय उसकी उम्र 16–17 वर्ष रही होगी। आजादी के बाद से वह अब तक लगभग सभी चुनावों में मतदान करते आ रही है। उसे अब जिंदा होने का सबूत देना पड़ रहा है। इस मामले में 9 फरवरी को एसडीएम कार्यालय में पहली सुनवाई होना है। शिकायतकर्ता को भी उसी दिन उपस्थित रहने की सूचना भेजी गई है।

#### शिकायतकर्ता पर कार्रवाई की मांग

प्रभावित नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना सबूतों के की गई शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए। फर्जी व दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वह न्यायालय में केस दर्ज कराएंगे।

#### जीवित को मृत बताया

मतदाता सूची में चल रहा खेल तब बेहद चौंकाने वाला हो गया जब वार्ड 10 निवासी 96 वर्षीय नूरजहां पति मरहूम रफीक अहमद के खिलाफ मृत होने की शिकायत दर्ज कर दी गई। जबकि नूरजहां जीवित और अपने घर पर निवास कर रही है। स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी उसे अपने जिंदा होने का प्रमाण देने के लिए 9 फरवरी को एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। इसी प्रकार नगर के नजबुद्दी शेख ने बताया कि उनकी उम्र 62 साल का है। उनका परिवार लगभग 100 सालों से छुईखदान में रह रहा है। उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में है फिर उनके खिलाफ शिकायत गई है। शिकायत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों की हालत खराब है। उनकी भी तबियत बिगड़ गई है।

## जीवित मतदाताओं को मृत बताकर शिकायत

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर पंचायत में इन दिनों मतदाता सूची में ऐसा खेल चल रहा है, जिससे प्रशासन की गंभीरता और राजनेताओं की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे है। जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर उनका नाम काटने की घिनौनी साजिश रची जा रही है।

- मामले के खुलासे के बाद बुजुर्ग पहुंचा थाना
- दोषियों पर कार्रवाई की मांग

मतदाता सूची से नाम कटवाने का मामला तब गरमाया जब वार्ड 7 कैलाश नगर निवासी मोहम्मद अली ने गंडई थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया। उनका आरोप है कि उन्हें मृत बताकर मतदाता सूची से नाम कटवाने का प्रयास किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत के अनुसार बाकायदा फॉर्म 7 भरकर प्रशासन को गुमराह किया गया है। पीड़ित ने डर जताया है कि जो व्यक्ति उसे सरकार कागजों में मार सकता है, वह उनकी जान का दुश्मन भी बन सकता है।



#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एसडीएम अविनाश ठाकुर ने जिंदा को मृत बता कर आवेदन के सवाल पर कहा कि पेशी में आने पर पता चलेगा कि किस आधार पर आवेदक ने जिंदा आदमी को मृत लिख कर नाम विलोपित करने का फार्म भरा है। नाम के फर्जी इस्तेमाल करने के मामले में जांच के बाद दोषियों पर सवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### 23 तक की डेडलाइनः क्या सुधरेगी सूची?

प्रशासन ने मतदाता सूची सुधार के लिए 23 फरवरी से पहले तक का समय दिया है। आगामी 23 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इन फर्जी आवेदनों पर क्या रुख अपनाता है?

#### एफआईआर दर्ज करने की मांग

एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मार्कशीट और अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद भी नोटिस मिलने से लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की ढिलाई के कारण उन्हें अपने काम छोड़कर बार-बार बीएलओ के चक्कर काटना पड़ रहा है। आक्रोशित नगरवासियों और पीड़ित परिवारों ने फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के कार्रवाई की मांग की है।

#### नोटिस से खुला खेल

एसआईआर के बाद जब एसडीएम कार्यालय से सैकड़ों मतदाताओं को नोटिस जारी हुई, तब इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। बताया गया कि कई सालों से गंडई के निवासी और मतदाताओं को पलायन कर चुके या मृत बता दिया गया। चर्चा है कि आगामी चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय मतदाताओं के नाम कटवाने का यह सुनियोजित षड़यंत्र है। सूत्रों की मानें तो कई आपत्तियों में उन लोगों के नाम और हस्ताक्षरों का फर्जी उपयोग किया गया है, जिन्हें इसकी खबर नहीं है।

## उदयपुर क्षेत्र में जस गायन प्रतियोगिता की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

उदयपुर क्षेत्र में इन दिनों जस गायन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव-गांव में जस गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल बना हुआ है।

उदयपुर, आमाघाट, कादा, खैरी, खपरी दरबार, सिलपट्टी, पद्मावतीपुर सहित आसपास के गांवों में जस गीतों की लहर छाई हुई है। क्षेत्र की प्रमुख ग्राम पंचायतों में शामिल उदयपुर में ग्रामवासियों द्वारा जस गायन का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में दूर-दूर से विभिन्न जस गायन समितियां भाग लेने पहुंच रही हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है।



#### रंग-बिरंगे परिधानों में कलाकार

इन दिनों क्षेत्र में जगह-जगह रंग-बिरंगे परिधानों में आते-जाते लोग नजर आ रहे हैं। ये सभी जस गायन प्रतियोगिता में भाग लेने आए प्रतिभागी हैं, जो अपनी आकर्षक वेशभूषा और मधुर गायन से श्रोताओं का मन मोह रहे हैं।

#### त्योहार जैसा माहौल

जस गायन प्रतियोगिताओं को देखने और सुनने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि कई ग्रामवासी अपने रोजमर्रा के काम छोड़कर जस गायन का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में मानो जस का त्योहार मनाया जा रहा हो।

## ठगी का एक और मामला आया सामने
## नौकरी लगाने की आड़ में लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ठगी के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। तीसरा प्रकरण पनियाजोब का आया है। क्षेत्र से लगभग 53 लाख की ठगी करने की बात सामने आ रही है।

- अब तक ठगी के 3 मामले आ चुके सामने

जानकारी के अनुसार गुरुवार को पनियाजोब निवासी बसंतराम साहू ने थाना डोंगरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है।

#### कई हुए शिकार

सूत्रों के अनुसार नौकरी के नाम पर ठगी का खेल लंबे समय से चल रहा है। क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं तो इसके शिकार हुए है किन्तु कोर्ट की झंझट से बचने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। नौकरी दिलाने के नाम पर 53 लाख की ठगी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस पर कार्रवाई को लेकर दबाव बढ़ गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार देवेंद्र गोरले और जयप्रकाश यादव ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे 2.50 लाख लिए थे। लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने के बाद रकम भी वापस नहीं किया गया। काफी दबाव बनाने पर आरोपियों ने केवल 50 हजार लौटाए है और अब तक 2 लाख वापस नहीं किया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले दो पीड़ित इसी तरह की थाना में शिकायत कर चुके है। उनसे भी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए लिए गए है। तीनों मामलों के न एक जैसे होने से स्पष्ट है कि संगठित तरीके से ठगी किया जा रहा है।

#### जांच जारी

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायतों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी प्रतिमाओं को सुरक्षित रखने की सलाह

# पुरातत्व विभाग ने नर्मदा मंदिर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा मेला महोत्सव में बीते दिनों छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा शामिल हुए। उन्होंने लोगों की मांग एवं नर्मदा कुंड, मंदिर के इतिहास को जानकार पुरात्तव एवं पर्यटन विभाग से सर्वे कराने बात की कही थी। इसी कड़ी में पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य के निर्देशन में पुरातत्ववेत्ता प्रभात कुमार सिंह शनिवार को नर्मदा मंदिर पहुंचे। उनके साथ लोककला एवं संस्कृति विशेषज्ञ डॉ पीसी लाल यादव, मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहू राम सिन्हा, पुजारी कोमल दुबे, ऋषभ सिन्हा, पुलेन्द्र जंघेल, गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव एवं अन्य उपस्थित रहे।श्री सिंह ने मंदिर की बनावट, प्राचीन प्रतिमा, शिलालेख, नक्काशी एवं मंदिर में मौजूद अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया है। उन्होंने कुंड एवं मंदिर निर्माण से जुड़ी प्रमुख जानकारी संग्रहित किया।




#### प्रतिमाएं मौलिक रूप में रखने की सलाह

श्री सिंह ने नर्मदा मंदिर में स्थित प्राचीन प्रतिमाओं को उनके मूल रूप में रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पाषाण निर्मित प्रतिमाएं प्राचीन धरोहर है जिनको मूल रूप में रखना एवं प्रदर्शित करना संस्कृति को दर्शाता है। इसमें किसी भी प्रकार का लेप एवं पोताई करने से पाषाण का क्षरण होता है जिससे उसका मौलिक रूप खोने लगता है।

#### प्रतिमा 11 वीं शताब्दी की

श्री सिंह ने अवलोकन कर बताया कि कुंड पहले बावली था जिसका निर्माण प्रस्तर खंडों से किया गया था। मंदिर में स्थित प्रतिमाएं 11वीं - 12वीं शताब्दी की है। वर्तमान मंदिर का निर्माण मराठा शासन काल में पांच सौ साल पहले 16 वी शताब्दी में हुआ था। मंदिर का मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर तथा अर्धमंडप और मंडप में प्राचीन नक्काशी वाले स्तंभ हैं। नर्मदा कुंड मंदिर के दक्षिण में है। उन्होंने बताया कि मंदिर में रखी प्रतिमाएं काफी पुरानी हैं।

## सरसों के खेतों में बहार...



**सड़क अतरिया।** इन दिनों खेतो में बहार देखने को मिल रही है। एक तरफ चना, गेहूं में फल लगने लगे हैं। वही खेतों में सरसों के फूल शोभा बढ़ा रहे हैं। मौसम मेहरबान होने से अब तक रबी फसलों की स्थिति बहुत ही अच्छी है। अरहर, चना, गेहूं एवं सरसों में फूल फल लग रहे हैं।

# खूबाटोला राशन दुकान में 105 क्विंटल चावल की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत खूबाटोला में राशन की हेराफेरी का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों को राशन नहीं आने का हवाला देकर दुकान संचालक ने जनवरी में वितरण नहीं किया किन्तु सभी कार्डधारियों से राशन लेने की ऑनलाइन प्रक्रिया करवा लिया गया जबकि राशन का स्टॉक होने पर ही ऑनलाइन प्रक्रिया की जा सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व से राशन दुकान संचालक द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया के पश्चात राशन दिया जा रहा है। उन्हीं ग्रामीणों को प्राथमिकता से नियमित राशन दिया जाता है जो जागरूक होते हैं। वहीं प्रकार अनेक ग्रामीणों को प्रति माह राशन न देकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करा लिया जाता रहा है। ग्राम पंचायत खूबाटोला के पूर्व पंच तोरण मंडावी एवं अन्य ग्रामीणों ने नियमित राशन नहीं मिलने की शिकायत एसडीएम से की है।



#### सबके बयान लेने की मांग

जानकारी के अनुसार 380 कार्डधारियों में से 40- 50 के बयान से 105 क्विंटल चावल की हेराफेरी का पता चला है। सभी कार्ड की जांच की जाए तो गड़बड़ी का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। सरपंच खिलेश्वर यादव ने बताया कि दुकान संचालक को 105 किंटल राशन की भरपाई करने 2 दिन का समय दिया गया है।

#### जांच टीम ने दी दबिश

शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर जांच करने पहुंची किन्तु वह अधूरी जांच कर लौट गई। ग्रामीणों ने दुकान संचालक को बचाने का आरोप लगाते हुए बताया कि राशन की एक वर्ष से हेराफेरी की जा रही है। कार्डधारियों का बयान लिया जाए तो बड़ा खुलासा होगा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रभावशाली व्यक्तियों को फरवरी और जनवरी का राशन दिया गया है। शक्कर तौल कर देने के बजाए डब्बे में भरकर दिया जा रहा है जो 1 किलो से कम होती है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि सभी राशन कार्डधारियों को एक वर्ष में दिए गए राशन के संबंध में बयान दर्ज कराने की मांग की थी किन्तु फूड इंस्पेक्टर गरिमा शोरी ने मात्र 40- 50 राशन कार्डधारियों का बयान लिया है। उनका कहना है कि सभी का बयान लिया जाए तो बड़ी हेराफेरी सामने आएगी।



## निकाय क्षेत्र में घर- घर डस्टबीन का वितरण

**अंबागढ़ चौकी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में डस्टबीन का वितरण किया जा रहा है। निकाय ने नागरिकों से सूखा और गीला कचरा अलग अलग देने का आहवान किया है। दोनो कचरा को पृथक पृथक कर देने के लिए नीला और हरा डस्टबीन दिया जा रहा है।

स्वच्छता रैकिंग में सुधार एवं नागरिको के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए नगर पंचायत हर उपाय अमल कर रही है। अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई वाली परिषद ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रयास शुरू किया था। बीते एक साल में किए गए प्रयास का असर अब दिखाई देने लगा है। नगर के मार्गों एवं गलियो में कचरा कम नजर आता है।

#### स्टाल लगाकर वितरण

अभियान के तहत सबसे पहले मेरेंगावं एवं कान्हे से डस्टबीन वितरण किया गया है। अब अन्य वार्डों में स्टाल लगाकर डस्टबीन वितरित किया जा रहा है। वार्ड 1, 2, 6, एवं 12, 13, 14 में डस्टबीन वितरण के दौरान नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, विनोद डेहरिया, उमा निषाद, किशुन पटेल, सुरेश नेताम, खेदीबाई अमिला उपस्थित थे।

### राम कथा में शामिल हुए नीलू शर्मा

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने गत दिनों लाल बहादुर नगर में आयोजित श्री रामकथा में उपस्थिति दर्ज कराया। उन्होंने श्रीराम कथा का श्रवण किया। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सामूहिक सहभागिता से ही संभव हैं। यह हमारी एकता और सांस्कृतिक चेतना का उदाहरण है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खुज्जी मंडई आज

**खुज्जी।** ग्राम में कल 8 फरवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में जीराटोला वालों का छत्तीसगढ़ी नाच जनता के मनोरंजन के लिए रखा गया है। यह जानकारी सरपंच अजय पंसारी ने देते हुए आसपास के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### विद्युत उपभोक्ताओं का सम्मान



**तुमडीबोड।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के तत्वावधान में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन दुर्गा मंच में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जनपद सदस्य सरिता साहू, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस मदन साहू, तिमेश साहू, गैन्द्री साहू, टीकम पटेल, अरविन्द साहू, सुरेखा निर्मलकर, परितोष साहू, आशीष साहू, गीता साहू, वीमा साहू, सेवानिवृत्त कर्मचारी मंशाराम साहू, विजय दास वैष्णव, भोजराम विश्वकर्मा, गोरेलाल साहू, श्यामलाल साहू सहित अन्य शामिल हुए। समारोह में विद्युत विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राही बदलराम ठाकुर, सुदर्शन वर्मा, हेमराम साहू, भैयद कुमार पटेल, दोहक राम वर्मा को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न योजनाओं हेतु पंजीयन कराया। यह कार्यक्रम कार्यपालन अभियंता एडी टंडन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर सहायक अभियंता कुबेरसिंह साहू, कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ सिंह, भोलिका शाह मंडावी, जितेन्द्र बागड़े, भूमिका साहू, प्रमोद कुमार सोनी आदि मौजूद थे।

### सर्किल लोधी समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में कल 8 फरवरी को दुर्गा मंदिर के पास दोपहर 1 बजे सर्किल लोधी समाज की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में आवेदनों पर विचार एवं निराकरण किया जाएगा। बैठक में सभी सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की गई।

### 500 से अधिक छात्राओं ने परीक्षा पे की चर्चा

# पीएम मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुई सेजेस कन्या स्कूल की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम नरेंद्र मोदी के साथ सेजेस कन्या शाला की 500 से उपर छात्राओं ने परीक्षा पे चर्चा की। सालाना परीक्षा के पूर्व पीएम मोदी हर साल स्कूली बच्चों से तनाव मुक्त होकर तैयारी को लेकर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत लाखो बच्चों से चर्चा करते है इस कार्यक्रम में सेजेस की बच्चियों सहित शैक्षणिक स्टाफ व जनप्रतिनिधियों सहित पालक भी शामिल हुए।

चर्चा दौरान प्रधानमंत्री ने देश के स्कूली बच्चों को प्रेरित किया कि परीक्षा को उत्सव दिवस के रूप में ले, परीक्षा परिणाम जो भी हो तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हो। कभी कभी असफलता भी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है इसलिए असफलता से कभी भी घबराना नही चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे अंकों से परीक्षा परिणाम लाना हमारा उद्देश्य हो सकता है परंतु यह हमारा अंतिम प्रयास नहीं है दुबारा प्रयास करने से अपेक्षा से भी अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हो सकते है। प्रधानमंत्री ने बच्चों को विकसित भारत 2047 में अपनी भूमिका तय करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में शामिल शाला विकास प्रबंधन समिति सदस्य व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमने कोविड के समय में मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई की है। अब एआई शिक्षक से पढ़ रहे है। आज टेक्नोलॉजी के युग में चैटजीपीटी का उपयोग कर एडवांस में जानकारी हासिल कर सकते हैं परंतु अभी भी छोटे छोटे डाउट को दूर करने अपने शिक्षकों का मार्गदर्शन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करनी है परंतु इस लक्ष्य के बिना किसी तनाव लिए अध्ययन करना है। अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर निराश और हताश होने की आवश्यकता नहीं है। प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि 10 वीं और 12वीं में अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं करने वाले बच्चे भी आगे चलकर बहुत अच्छा प्रयास करके अन्य क्षेत्रों में बड़ी बड़ी सफलता अर्जित किए है। हमारे पास अवसर की कमी नहीं है बस हमें अवसर की तलाश में रहना है जिसमें हमारी रुचि है उन्हीं क्षेत्र में आगे चलकर बहुत अच्छा उपलब्धि प्राप्त कर सकते है। इस दौरान बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, कुणाल टंडन, अखिलेश श्रीवास्तव, विनीता सिंह, गिरिवर कोसरे, गुंजन सिंह, नीलू सिंह, प्रांजल सिन्हा, सिमरन कौर, मेघा उपाध्याय, संगीता ठाकुर, निलय दास, सोनिया मसीह, प्रज्ञा कामड़े, मनोज पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।



### वन अग्नि प्रबंधन पर स्पर्धा

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश और डीएफओ पंकज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला, निबन्ध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वनों में विभिन्न कारणों से आग लगने से जैव विविधता पर दुष्प्रभाव और उसके संरक्षण को लेकर वन विभाग द्वारा स्पर्धा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि व शाला विकास प्रबंधन समिति सदस्य भागवत शरण सिंह, प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह सहित स्टाफ उपस्थित था।

# रास पहाड़, पर्यटन स्थल घोषित करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

वनांचल और पहाड़ियों के बीच बसा ग्राम पैलीमेटा का रास पहाड़ इन दिनों अपनी धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के कारण चर्चा में है। यहां ऊंची पहाड़ी पर प्राचीन काल से मां अन्नपूर्णा देवी विराजमान हैं। क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था को देखते हुए जय मां अन्नपूर्णा समिति ने अब इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल तेज कर दी है। बीते दिनों समिति के सदस्यों द्वारा जिला पंचायत सीईओ को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। इस आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि मां अन्नपूर्णा मंदिर की महत्ता और यहां की प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए इसे पर्यटन स्थल घोषित किया जाए। स्थानीय लोगों का मानना है कि शासन के सहयोग से यहां सुविधाओं का विस्तार होने पर यह क्षेत्र जिले के प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर उभर सकता है।

### 200 सीढ़ियों का सफर और मनमोहक नजारा

पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 200 से अधिक सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। चढ़ाई भले ही कठिन हो, लेकिन ऊपर पहुंचते ही थकान सुकून में बदल जाती है। ऊंचाई से दूर-दूर तक फैला हरा-भरा नजारा और नीचे स्थित पैलीमेटा बांध का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहां हर वर्ष चैत्र और क्वार नवरात्रि के दौरान यहाँ सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं, जिसमें शामिल होने दूर-दराज से श्रद्धालु पहुँचते हैं। मां अन्नपूर्णा का यह दरबार कई रहस्यों और मान्यताओं को समेटे हुए है, जनश्रुति है कि आज भी यहाँ खुदाई करने पर कोदो निकलता है। प्राचीन काठा और पैली आज भी मौजूद हैं। कहा जाता है कि निःसंतान दंपति यदि यहां सच्चे मन से माता से गुहार लगाते हैं, तो उन्हें संतान सुख की प्राप्ति होती है। यहां नाग-नागिन के वास की चर्चा भी श्रद्धा के साथ की जाती है।

### मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर रास पहाड़ पैलीमेटा

मां अन्नपूर्णा मंदिर प्राचीन काल से विराज मान है यह मंदिर में प्रति दिन सैकड़ो लोगो का आना लगा रहता है इस मंदिर में लोग आस्था का प्रतीक चैत्र और कुवार नवरात्रि में ज्योति प्रज्वलित किया जाता है मान्यता यह भी की यहा आज भी खुदाई करने पर कोदो निकलता है पुराना कटा और पैली मौजूद है और नाग नागिन का वास होता है यह सबसे ज्यादा निःसंतान लोगो को संतान प्राप्ति माता की देन माना जाता है और भी प्राचीन वस्तुएं है। स्थानीय लोगों को के द्वारा जिला प्रशासन से पर्यटन स्थल की मांग कर जिला सी ओ को ज्ञापन भी सौपा गया है।

# स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत

## मितानिन बहनों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के नवागांवकला स्थित चेन्द्री माता मंदिर समीप मितानिनों द्वारा आयोजित स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने मितानिन बहनों को सम्मानित करते हुए कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण व शहरी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे सशक्त, भरोसेमंद और जमीनी कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की स्वास्थ्य व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मितानिन बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की धुरी मितानिन बहनें हैं और सरकार उनके हर प्रयास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### समस्याओं पर हुई चर्चा

सम्मेलन में मितानिनों ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण समिति को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ व शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा जागरूकता बढ़ाने कोचर्चा हुई। मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए समन्वय और सहयोग को आवश्यक बताया। इस दौरान बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलेश्वर यदु, आशीष राजपूत, तेजराम वर्मा, गीतांजलि देवांगन, जिला समन्वयक गीता बंजारे, स्वस्थ पंचायत समन्वयक बसंती रामानंद, तरुण साहू, सुरेखा बैस, कांति साहू, सुनीति गिरिया, पूर्णिमा साहू, ज्योति वर्मा, भागबती पाल, गंगोत्री रजक, गंगा साहू, ऋतु सिंह सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहनें उपस्थित थी।

# 114 पंचायतों में मनाया गया चावल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार 07 फरवरी को सभी 114 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का सफल एवं व्यापक आयोजन किया गया।

जनपद सीईओ मनीष कुमार साहू ने आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) की जानकारी दी जा रही है। योजनाओं से संबंधित जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों द्वारा क्यूआर कोड़ स्कैन करवाया गया। जिससे ग्रामीण सरलता से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सके।



आवास दिवस के संबंध में स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों के हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया एवं मनरेगा अंतर्गत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी के संबंध में हितग्राहीवार चर्चा की गई। चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन तीनों के अलग-अलग महत्व को बताने

मनरेगा रोजगार दिवस पर पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम उत्साह और जागरूकता के साथ संपन्न हुआ।

### लोगों को किया गया जागरूक

ग्राम पंचायत बोईरडीह जनपद पंचायत व जिला राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, जनपद सदस्य साकेत वैष्णव, सरपंच महेश यादव, रोजगार सहायक बेबी नेताम, सचिव हेमंत साहू तथा इंजीनियर गोपीचंद द्वारा चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन तीनों के अलग-अलग महत्व को बताने चावल दिवस के लिए चावल से रोजगार दिवस के लिए मिट्टी मुरूम से तथा आवास दिवस के लिए सीमेंट और रेत के मिक्स से लिखकर लोगों को जागरूक किया गया।

# मुफ्त बिजली योजना से मिल रहा सीधा लाभ

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर सीएसपीडीसीएल कार्यालय द्वारा जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू रहे जबकि नपा परिषद अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थी।

पूजा-अर्चना साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक हितग्राही इन योजनाओं से जुड़कर बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। कार्यपालन अभियंता सचिन उत्तरवार ने विभागीय कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि योजनाओं का लाभ जमीन स्तर तक पहुंचाने का लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि सूर्य घर योजना तहत उत्पादित बिजली का उपयोग बाद कंपनी को बेचकर उपभोक्ता अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते है। कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों और नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने वालो को भी मंच पर अतिथियों ने सम्मानित किया। इस दौरान विनय देवांगन, नंद चंद्राकर, रूपेंद्र रजक, कमलेश कोठले, मोनिका रजक सहित कार्यपालक निदेशक शिरीष शैलेट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता एसके कंवर, एई उत्तम साहू, मदालसा विश्वकर्मा, क्रांति सुनहरे, जेई सतीश साहू, उदिता साहू, अतुल गहरवार, चेतन सिंहारे, रविप्रकाश बंजारे, अमन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### फाग महोत्सव 28 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग उत्सव समिति एवं एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 फरवरी एवं 1 मार्च को मां शीतला माता मंदिर प्रांगण में किया गया है। विजेता मंडली के लिए झांकी एवं रचना वर्ग के लिए आकर्षक पुरस्कार की व्यवस्था रखा गया है। आयोजक समिति के कार्यकर्ता भूपेन्द्र देवांगन,रेखा वर्मा, चिन्ता मणी साहू,सेवक देवांगन, नारायण ढीमर, मंत्री ढीमर,फागू ढीमर, चंद्रकांत देवांगन,भुजेन्द देवांगन,सेवक साहू,दीलीप ढीमर, मुकेश ढीमर,हरी राम साहू, तुषार देवांगन, टीलू वर्मा, सुखराज देवांगन आदि तैयारी में जुट गए है।

# सीएम की उपस्थिति से ऐतिहासिक होगा साहू समाज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की स्वीकृति बाद प्रस्तावित साहू समाज के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला साहू संघ के तत्वावधान में 14 फरवरी को आयोजित होने वाले भक्त माता राजिम महोत्सव, संत माता कर्मा व माता राजिम मंदिर निर्माण भूमि पूजन के अलावा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सम्मान समारोह को लेकर खासा उत्साह है।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति से आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप की बात के साथ जिला साहू समाज संरक्षक बिसेसर साहू, जिला अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, मनोहर साहू, सुरेश साहू ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री से समय प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास किया गया। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 14 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की सहमति दी है। उनके साथ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद संतोष पांडेय, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू करेंगे।



### जोर शोर से जारी है तैयारी, अकरजन रोड में होगा आयोजन

सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने वाला आयोजन बताते हुए कहा कि कार्यक्रम कृष्णकुंज मां कर्मा धाम अकरजन रोड, में होगा, जहां सुबह मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, हवन-यज्ञ, महाआरती और प्रसादी वितरण के साथ भोजन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद जिले की सभी इकाइयों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होगा। प्रदेश और जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति कार्यक्रम मे होगी। जिला अध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने समाज की सभी तहसील, परिक्षेत्रीय व ग्राम इकाइयां सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर सामाजिक समागम और एकता का संदेश देने की अपील की है।

### वितरण केन्द्र पांडादाह में कार्यक्रम का आयोजन

# पांडादाह में सीएसपीडीसीएल का रजत जयंती समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर वितरण केंद्र पांडादाह के बाजार चौक मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिपं सभापति दिनेश वर्मा, अरूणा सिंह बनाफर, जनपद सदस्य नंदकुमार नेताम, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसर दास साहू, पांडादाह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, सरपंच तुलसी भांडेकर सहित अन्य की मौजूदगी मे कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात विद्युत विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम लोगो को दी गई साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर, सुलभ व पारदर्शी सेवा प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। राज्य के 25 साल पूरा होने पर विभाग की उपलब्धियों को सारगर्भित रूप से कनिष्ठ अभियंता सतीश ठाकुर द्वारा बताया गया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर सौर ऊर्जा, घरेलू, गैर घरेलु, बीपीएल, केजेजेवाय योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही अधिकारियों द्वारा योजनाओं के लाभ, प्रक्रिया और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम कार्यपालन अभियंता सचिन उत्तरवार व सहायक अभियंता उत्तम कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन में कनिष्ठ अभियंता अतुल गहरवार ने किया। कार्यक्रम समापन पूर्व पौधा वितरण कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### सरकार का निर्णय स्वागत योग्य : कोमल

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस 05 एवं 06 फरवरी तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई। बारदाना एवं हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। श्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित एवं सुचारु विक्रय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# आंदोलन के बाद चर्चा के लिए हुए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- अधूरे रेलवे अंडरब्रिज पर नागपुर डिवीजन के अभियंता से सीधी वार्ता

स्टेशनपारा क्षेत्र में वर्षों से अधूरे पड़े रेलवे अंडरब्रिज निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता आसिफ अली द्वारा किए गए जनहित आंदोलन, ज्ञापन और चक्काजाम की चेतावनी का असर अब सामने आने लगा है। आंदोलन के पश्चात स्टेशन मास्टर द्वारा आसिफ अली को सूचना दी गई कि उनके ज्ञापन के उपरांत नागपुर डिवीजन से अभियंता चर्चा के लिए राजनांदगांव आ रहे हैं।

इसी क्रम में आज स्टेशन प्रबंधक राजनांदगांव के कक्ष में कांग्रेस नेता आसिफ अली की नागपुर डिवीजन के अभियंता अंशुमन शुक्ला से अंडरब्रिज निर्माण को लेकर विस्तृत, गंभीर एवं तकनीकी चर्चा हुई। चर्चा के पश्चात अभियंता अंशुमन शुक्ला, कांग्रेस नेता आसिफ अली एवं उनके सहयोगियों के साथ अंडरब्रिज निर्माण स्थल पर पहुंचे और शेष कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

अभियंता अंशुमन शुक्ला ने बताया कि अंडरब्रिज निर्माण में पुशिंग का कार्य मुख्य रूप से शेष है। जिसके अंतर्गत कुल 44 मीटर क्षेत्र में रेलवे पटरी के नीचे 11-11 मीटर के चार विशाल कंक्रीट निर्मित बॉक्स को क्रमबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। यह अत्यंत संवेदनशील तकनीकी प्रक्रिया है। जिसमें लगभग एक माह का समय लगेगा। इस दौरान पटरी से गुजरने वाली सभी यात्री एवं मालगाड़ियों की गति मानक अनुसार अत्यंत सीमित रखनी होती है। जिसके लिए रेलवे विभाग से विशेष अनुमति आवश्यक होती है।



### दी आंदोलन की चेतावनी

चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता आसिफ अली के कहने पर अभियंता अंशुमन शुक्ला ने इस अंडरब्रिज निर्माण के इंचार्ज वरिष्ठ अभियंता मिनेश कुमार से मोबाइल पर भी वार्ता करवाई। जिसमें मार्च माह में कार्य प्रारंभ कर जून तक पूर्ण करने की बात कही गई। इस पर आसिफ अली ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि यदि मार्च में कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो चक्काजाम व उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। इस दौरान पार्षद छोटेलाल रामटेके, विशाल गड़े, पंचराम निषाद, गोपाल सिन्हा, जितेंद्र साहू, शेख अनीश उपस्थित थे।

## सार समाचार



### हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले की हैंडबॉल महिला खिलाड़ी उतरा धीवर, भूमि कोचर, पूर्वी ठाकुर, ज्योति मंडावी व सविता नारंग का चयन हेमचंद विश्वविद्यालय की टीम में हुआ, जो मेघालय में 10 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। सभी खिलाड़ियों को राजनांदगांव हैंडबॉल खेल प्रेमियों की ओर से शुभकामनाएं। यह जानकारी जयेश मुदलियार ने दी।

### चिखली और चौपाटी में योग शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** आयुष सोसायटी संचालनालय रायपुर के आदेशानुसार व जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन से आयुष योगा



वेलनेस सेंटर राजनांदगांव द्वारा दस दिवसीय योग शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव तथा 1 से 5 फरवरी तक चौपाटी राजनांदगांव में किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव व शैंकी बग्गा चेयरमैन स्वास्थ्य विभाग नगर पालिका निगम राजनांदगांव द्वारा भगवान धन्वंतरि एवं महर्षि पतंजलि की पूजन व दीप प्रज्जवन कर किया गया। शिविर में डॉ. भारती यादव प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक द्वारा विभिन्न योगाभ्यास में सूर्यनमस्कार, कमर, घुटना, गर्दन दर्द के लिए योगासन, महिलाओं से संबंधित योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तथा षट्कर्म (त्राटक प्रक्रिया,) नेत्र प्रक्षालन एवं एरोबिक्स सिखाया गया। शिविर में प्रतिदिन योग लाभार्थियों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु अंकुरित व हर्बल काढ़ा वितरण किया गया।

### 14 को कबड्डी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** कविराज टोलागांव (घोरदा) में आगामी 14 फरवरी को शाम 6 बजे से इस वर्ष भी एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता



का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के संयोजक व निषाद समाज के जिला उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 201 रुपए है। प्रथम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001 रुपए प्रदान किया जाएगा। आकर्षक पुरस्कार बेस्ट रेडर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट आल राउंडर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट केयर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट बालर समिति द्वारा सिल्ड कप प्रदान किया जाएगा।

### रजत महोत्सव पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में आइक्यूएसी एवं साहित्यिक समिति के



संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में भाषण, नारा लेखन, पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के कुल 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मानव जीवन में ऊर्जा का महत्व, अक्षय ऊर्जा एवं भारत का भविष्य, ऊर्जा की उपयोगिता एवं संरक्षण, कचरे से ऊर्जा का निर्माण एवं प्रतिदिन ऊर्जा को कैसे बचाया जा सकता है, जैसे प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त किया।

आइक्यूएसी प्रभारी प्रो. यूनुस बेग ने कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा का संरक्षण करता है तो यह भी देशभक्ति मानी जाएगी। डॉ. अनीता शंकर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते कहा कि हमारी युवा शक्ति अपने कौशल एवं नए विचारों से ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निश्चित रूप से हम अपने आने वाले कल को बेहतर बनाएंगे। भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं में प्रथम शिवम कुमार यादव, द्वितीय विनय वासनिक एवं तृतीय पुरस्कार मेधाश्री मिश्रा ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में डॉ. श्रद्धा साहू, डॉ. महेंद्र नागपुरे एवं डॉ. भारती सोनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### विधि महाविद्यालय की दो छात्राएं मेरिट में

**राजनांदगांव।** हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जारी किए गए विधि (लॉ)



परीक्षा छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय की दो छात्राओं ने स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय ने टॉप-10 स्टूडेंट वाली मेरिट सूची जारी की। जिसमें 6वें एवं 8वें स्थान पर क्रमशः अंकिता शर्मा तथा यांशिका अग्रवाल का नाम शामिल है। स्थानीय पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का परिचय दिया है। विधि परीक्षा के छठवें सेमेस्टर की जारी की गई मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय में अध्ययनरत दो भविष्य की वकीलों ने अपना परचम लहराया है। मेरिट लिस्ट के छठवें स्थान पर अंकिता शर्मा सुपुत्री विजय-सरिता शर्मा जनता कॉलोनी एवं आठवें स्थान पर यांशिका अग्रवाल सुपुत्री संजय-श्वेता अग्रवाल अन्नपूर्णा सोसाइटी के पास डोंगरगढ़ ने अपना नाम दर्ज कराकर महाविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय दिया है। दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह सहित प्रोफेसर्स एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों-सदस्यों ने बधाई दी।



### हिंदूराव पवार का निधन

**राजनांदगांव।** रामाधीन मार्ग निवासी हिंदूराव पवार का निधन शनिवार को 76 वर्ष की आयु में हो गया है। अन्तिम संस्कार उनके गृह ग्राम सांगली महाराष्ट्र में 8 फरवरी को किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### तीन दिन-तीन रात चला ऑपरेशन, 31 मार्च से पहले तक संपूर्ण सफाया का लक्ष्य

# नक्सलियों के दो ठिकानों पर स्ट्राइक कंपनी नंबर 10 का हुआ खात्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के दुर्गम जंगल में बीते तीन दिन-तीन रात चले एंटी नक्सल अभियान में सी-60 कमांडो और नक्सलियों के बीच हुए भीषण मुठभेड़ में नक्सलियों का कंपनी नंबर 10 का सफाया हो गया है। गढ़चिरौली पुलिस ने घातक हथियार, गोला-बारूद के साथ बस्तर और तेलंगाना से ताल्लुक रखने वाले 64 लाख के ईनामी सात नक्सलियों की पहचान कर लिए हैं। इधर महाराष्ट्र फोर्स ने गढ़चिरौली जिला में अंतिम डेडलाइन 31 मार्च से पहले नक्सलियों को खत्म कर देने का लक्ष्य रखा है।

उल्लेखनीय की जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के बस्तर सीमा क्षेत्र में सी-60 कमांडो और नक्सलियों के बीच बीते 3 तारीख से 3 दिन-3 रात लगातार नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ जारी रहा। जिसमें महाराष्ट्र सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अब तक इस मुठभेड़ में चार पुरूष और तीन महिला समेत सात नक्सली मारे गए हैं। जिनका आज पहचान कर लिया गया है। गढ़चिरौली नक्सल सेल ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि गढ़चिरौली जिले में नक्सली गतिविधि अंतिम सांस ले रहा है। मुठभेड़ में कंपनी नंबर 10 को समाप्त कर दिया गया है। मारे गए नक्सलियों के ऊपर 64 लाख रुपए का ईनाम महाराष्ट्र सरकार ने घोषित किया हुआ था। सभी मारे गए नक्सलियों की पहचान बस्तर, आंध्रप्रदेश के निवासी के रूप में हुई है।






#### मोहला-मानपुर में सिर्फ सात नक्सली बचे

माओवादियों का राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिविजन मोहला-मानपुर यहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डिवीजन कमेटी सचिव लोकेश सलामे के 13 अगस्त को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब सिर्फ 7 केडर बाकी है। इनमें रूपी के अलावा मंगेश पोडियाम, रंजीत होडी, हिडमे मरकाम, महेश डोडी, गणेश और राजे शामिल है। इन सातों के निराकरण के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।

#### महाराष्ट्र की सी-60 फोर्स का अंतिम प्रहार

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एंटी नक्सल यूनिट सी-60 के ऑपरेशन से लगभग नक्सली संगठन खत्म हो गया है। अंतिम लड़ाई में भामरागढ तहसील के जंगल में छिपे कंपनी नंबर 10 के कमांडर प्रभाकर उर्फ चंद्रराव आयु 57 निवासी तेलंगाना, पागु मोड अप्पडैम आयु 30 वर्ष निवासी बीजापुर सीवाईपीसी कमांडर, अनिला उर्फ बुदारी कोवाची उम्र 24 वर्ष निवासी सुकमा, कामेश पाडा उम्र 35 वर्ष निवासी सुकमा, भजनाथ उर्फ भीमा होली उम्र 40 वर्ष निवासी कोंटा, मंगली कुर्सम निवासी पश्चिम बस्तर के रूप में पहचान हुई है, जिन पर 64 लाख का ईनाम था।

#### गढ़चिरौली, मोहला-मानपुर एक साथ नक्सलमुक्त होने की स्थिति में

अब तक लाल-लाल आतंक और मौतों के तांडव के दंश में जी रहे क्षेत्र के वनांचल और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में अंतिम हथियार बंद नक्सलियों की तलाश सरगर्मी से हो रही है। मोहला-मानपुर और गढ़चिरौली जंगल में इन माओवादियों के लिए दोनों जिले की पुलिस ने मुहिम छेड़ रखा है। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर में 7 और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 10 नक्सलियों की तलाश हो रही थी। जिसमें महाराष्ट्र में सात नक्सली आपरेशन में मारे गए है। दोनों जिले की पुलिस ने कुछ दिन पूर्व अंतिम आह्वान किया था कि या तो हथियार सहित सरेंडर करो या मरने के लिए तैयार रहो। ऐसा माना जा रहा है कि इनके बाद गढ़चिरौली जिला तथा मोहला-मानपुर नक्सल मुक्त हो जाएगा।

### बरगा मड़ई आज

**राजनांदगांव।** ग्राम बरगा में मंडई मेला उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से कल 8 फरवरी को मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष हितेश सिन्हा, सचिव करन कंवर, उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष डोमन यादव, बंशी निर्मलकर, माखन नेताम और रितेश ने बताया कि इस अवसर पर स्वरधारा मोतीपुर के कलाकारों से सजी रात्रिकालीन मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति रात 10 बजे भी होगी। उन्होंने इस आयोजन में क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### आश्रम का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्रमांक 1 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर परिसर में शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम का भूमिपूजन कल 8 फरवरी को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। गुरूदेव हरीश यादव के आशीर्वाद एवं सानिध्य में भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शक्तिधाम महाकाली मंदिर से जुड़ी सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा समय-समय पर विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कर समाजसेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। समिति का उद्देश्य जनहित के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाना है।

## साफ-सफाई और उद्यानों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव गुरुवार सुबह वार्ड नं. 29, 30 एवं 31 में पहुंचकर वार्डवासियों से रूबरू हुए और साफ-सफाई के संबंध में चर्चा कर उद्यानों का निरीक्षण किया एवं पानी समस्या पर पाईप लाइन की जांच करने निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव सुबह वार्ड नं. 29, 30 एवं 31 के पार्षद न्यामत हुद्दा, चंद्रशेखर लश्करे व रीना सिन्हा, पूर्व पार्षद अमीन हुद्दा व विठ्ठल पटेल के साथ कैलाश नगर, कंचनबाग एवं जनता कालोनी में साफ-सफाई एवं पेयजल के संबंध में वार्डवासियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व सुषमा साहू, उप अभियंता पिंकी खाती व रीतू श्रीवास्तव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित निगम का तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



#### पानी की समस्या हल करने कहा

कैलाश नगर में जलाराम मंदिर के पास स्थित उद्यान में लाईट लगाने तथा मरम्मत की मांग पर संबंधित इंजीनियर को कार्य कराने निर्देशित किए। इसी प्रकार कंचनबाग अटल आवास के पास पानी निकासी की समस्या का समाधान करने कहा। जनता कालोनी वासियों द्वारा वर्तमान में कम पानी आने की शिकायत की गई। जिसके निराकरण के लिए पानी टैंकर भेजने तथा पाईप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए। उद्यान मरम्मत कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

## दोपहर में महाआरती व भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ निकाली गई प्रभातफेरी

शेगांव के संत प.श. गजानंद महाराज का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष महाराष्ट्र मंडल बल्देवबाग राजनांदगांव द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष यह महोत्सव 7 एवं 8 फरवरी को दो दिवसीय मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 7 फरवरी को सुबह 6.30 बजे गजानंद महाराज की पालकी की प्रभातफेरी सुबह 6.30 बजे निकाली गई, जो महाराष्ट्र मंडल से बस स्टैंड, श्री गुरूद्वारा, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक और बल्देवबाग होते हुए वापस महाराष्ट्र मंडल पहुंची। तत्पश्चात मंडल में आरती व प्रसाद वितरण का वितरण हुआ।

प्रभातफेरी में मंडल अध्यक्ष प्रदीप अवथनकर, गणूढोन, संजय शेवलीकर, विजय शिल्लेदार, हरीश शिल्लेदार, हस्तक कोरात्रे, साठे, सायंकार, विवेक ढोक,



अरकाटकर रडके एवं सुधीर शेंडे शामिल हुए। महिलाओं ने भी प्रभातफेरी में साथ दिया। जिनमें शारदा महिला समाज की अध्यक्ष व महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष किरण शेंडे, श्रीमती सायंकार, श्रीमती कोराने, श्रीमती सायंकार, श्रीमती अरकाटकर, श्रीमती मोहरील, श्रीमती शिल्लेदार एवं श्रीमती मुकदम शामिल हुए। कल 8 फरवरी को दोपहर 12 बजे महाआरती एवं तत्पश्चात शाम 4 बजे तक भंडारा का आयोजन है। यह जानकारी सुधीर शेंडे द्वारा दी गई।

## नाले की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से बिगड़ी जल निकासी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ पूर्व पार्षद ने की शिकायत



शासकीय जिला अस्पताल के सामने निर्माणाधीन निजी बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर के लिए ट्रांसफार्मर सरकारी भूमि पर लगाए जाने के मामले में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा कलेक्टर के नाम नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम अतिक्रमण की शिकायत की गई है। पूर्व पार्षद ने अपने ज्ञापन में कहा है कि राजीव नगर स्थित जिला अस्पताल के सामने नाले की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। वर्तमान में विद्युत विभाग द्वारा उक्त नाले की भूमि में ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत होने के साथ-साथ जनहित एवं सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से भी घातक है।

#### एनओसी कैसे दिया

उक्त काम्प्लेक्स के सामने रिक्त भूमि है, लेकिन यहां पर ट्रांसफार्मर न लगाकर इस ट्रांसफार्मर को शासकीय जगह पर लगाया जा रहा है, जो सीधे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है। पूर्व पार्षद ने कहा कि निजी काम्प्लेक्स के लिए शासकीय भूमि पर ट्रांसफार्मर लगाने आखिर एनओसी कैसे दिया गया।

#### कार्रवाई की मांग

कलेक्टर के नाम नगर निगम आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में नाले की शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण एवं ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य पर तत्काल रोका लगाए जाने और ट्रांसफार्मर स्थापना से संबंधित अनुमति एवं प्रक्रिया की विधिवत जांच कराने मांग की गई है।

## परीक्षा पे चर्चा का आयोजन, लिया मार्गदर्शन

**राजनांदगांव।** बच्चों के मन से परीक्षा के दबाव और भय को कम करने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते उनके जिज्ञासाओं के उत्तर दिए।

इस कार्यक्रम को देखने की व्यवस्था शहर के पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल में की गई थी, जहां बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और उनसे मार्गदर्शन लिया। बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का दबाव रहता है, जिसे देखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिवर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की यह 9वीं कड़ी थी। जिसमें शहर के अलग-अलग स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी, शिक्षकगण शामिल हुए।

#### दो विद्यार्थियों ने पीएम से किया संवाद

पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल के जनभागीदारी अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने सीधे बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए देशभर में 4 करोड़ 50 लाख विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। उन्होंने बताया कि यह सौभाग्य का विषय है कि इस कार्यक्रम के लिए स्कूल की दो विद्यार्थी नम्रता रजक और पूनम साहू ने प्रधानमंत्री से कार्यक्रम के माध्यम से सीधे संवाद किया है।

#### पढ़ा हुआ रहता है स्टोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने वाली पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास स्कूल की छात्रा पूनम साहू ने कहा कि मैंने प्रश्न किया था, अभी कभी-कभी परीक्षा के समय हम रिवीजन नहीं कर पाते हैं, तो उन्होंने कहा कि हम जो पढ़ते हैं वह हमारे दिमाग में स्टोर रहता है। इसके लिए अपने क्लास के पास ऐसे बच्चे जो पढ़ाई में पिछड़े हैं, उन्हें एक-एक सब्जेक्ट आधा-आधा घंटा पढ़ाएं तो रिवीजन हो जाएगा।

### मुरेटीटोला में कल मेला व 10 को नाचा का आयोजन

**मोहला।** ग्रामीण परम्परा का निर्वहन करते हुए मुरेटीटोला में ग्रामवासियों द्वारा 9 फरवरी को मेला का आयोजन रखा गया है। मेले में मुख्य आकर्षण हवाई झूला रहेगा। मेला के दूसरे दिन लोगों के मनोरंजन हेतु 10 फरवरी को 12 बजे से दिन में बेंदाड़ी वालों का छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के सदस्य गैंदसिंग कोरेटी, बंशीराम जुरेशिया, ज्वाला प्रसाद धुर्वे, जोहन बोगा ने जानकारी देते हुए अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।

### आदर्श उपभोक्ताओं का सीएसईबी ने किया सम्मान

## निगम परिसर में स्थापित होगा सौर संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर निगम राजनांदगांव के टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पार्षदगण सावन वर्मा, मनोहर साहू, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, राजेश जैन, डीलेश्वर साहू, कुलेश्वर ध्रुव, चन्द्रशेखर लश्करे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, संजय रजक, छोटेलाल रामटेके, वर्षा सिन्हा, रेखा पारख, श्रुति जैन एवं बीना ध्रुव, राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता कौशेलेन्द्र पाण्डे, एडी टंडन, सीमा ढ़ील, पीआरओ डीएस मंडावी सहित विद्युत विभाग के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

समारोह को संबोधित करते महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों में सौर संयंत्र स्थापित कर जनमानस को इस योजना का लाभ लेने का संदेश देना है। विद्युत कंपनी ने पिछले 25 वर्षों में अभूतपूर्व विकास एवं जनसुविधाओं का निरंतर विस्तार किया है। राज्य निर्माण के बाद से



छत्तीसगढ़ प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ बनेगा। विद्युत कंपनी की ऑनलाइन सेवा एवं सुविधाओं ने सामान्य परिवारों के जीवन को अत्यन्त सुगम बनाया है।

#### 1100 संयंत्र स्थापित

उन्होंने बताया कि राजनांदगांव वृत में पीएम सूर्य के तहत 6000 सौर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। जिसमें अब तक 1100 सौर सयंत्र स्थापित हो चुके हैं और 8000 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर पोर्टल पर पंजीयन भी कराया है।

#### हितग्राहियों से किया संवाद

निगम परिसर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह महत्वकांक्षी योजना न केवल आमजन, बल्कि जनप्रतिनिधियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बने, लोगों को अधिकाधिक लाभ दिलाने जागरूक करना ही हमारा प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने मंच से पीएम सूर्य घर के हितग्राही ममता नगर निवासी रणविजय सिंह एवं नेहरू नगर निवासी रचना मेमन से इस योजना के संदर्भ में संवाद कराया।

#### उपभोक्ताओ को मिल रही सेवाएं

इस अवसर पर राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने कहा कि विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री मजराटोला योजना, बीपीएल कनेक्शन योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और आधुनिक सुविधाएं मोर बिजली ऐप, केन्द्रीकृत विद्युत कॉल सेन्टर 1912, ई-संपर्क सेवा, ई-मेल सेवा, ऑनलाइन उपभोक्ता सेवा की विस्तार से जानकारी दी।

### राजमिस्त्री सम्मेलन एवं आमसभा 9 को

**राजनांदगांव।** सड़क चिरचारी में राज मिस्त्री संघ द्वारा राजमिस्त्री सम्मेलन एवं आमसभा का आयोजन 9 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें समस्त ठेकेदार और राजमिस्त्री उपस्थित रहेंगे। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रांगण में कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार सुबह 11 बजे दीप प्रज्जवलन एवं पूजा-अर्चना से की जाएगी। वहीं दोपहर 12 बजे से सम्मेलन एवं आमसभा प्रारंभ होगा।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचना जारी, चंडालपुर गांव का नाम हुआ चंदनपुर



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी असाधारण राजपत्र में कबीरधाम जिले के बोड़ला तहसील अंतर्गत ग्राम चंडालपुर के नाम में संशोधन कर उसे चंदनपुर किए जाने की अधिसूचना प्रकाशित की गई है। यह अधिसूचना 5 फरवरी 2026 को नवा रायपुर अटल नगर से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई। राज्य शासन ने यह निर्णय छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की 4 जून 2025 को हुई बैठक में लिए गए फैसले के परिप्रेक्ष्य में तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार की सहमति के उपरांत लिया है। अधिसूचना के अनुसार ग्राम का नाम अब शुद्ध देवनागरी में चंदनपुर तथा अंग्रेजी (रोमन) में Chandanpur के रूप में मान्य होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम एवं आदेशानुसार उप-सचिव अंशिका ऋषि पांडेय द्वारा जारी किया गया है। शासन के इस निर्णय के बाद सभी शासकीय अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड, नक्शों एवं सरकारी दस्तावेजों में ग्राम का नाम चंदनपुर दर्ज किया जाएगा। ग्रामीणों ने जताया कवर्धा विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार ग्राम का नाम संशोधित किए जाने पर चंदनपुर के ग्रामीणों ने कवर्धा विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से ग्राम नाम की शुद्धता को लेकर मांग की जा रही थी, जिसे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से शासन स्तर पर स्वीकृति मिली। ग्रामीणों ने इस निर्णय को ग्राम की पहचान, सम्मान और सांस्कृतिक गरिमा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताते हुए शासन और जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देश में शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है



**हरिभूमि कोलेगांव।** वर्तमान समय में परीक्षाएं छात्र छात्राओं के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं। परंतु परीक्षा के साथ जुड़ा तनाव, भय और दबाव कई बार बच्चों के मानसिक विकास में बाधा बन जाता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल है। जिस पर वीरेन्द्र चंद्रवंशी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गेगड़ा ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से प्रधानमंत्री सीधे छात्र छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद करते हैं। यह संवाद केवल अंकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच पर केंद्रित होता है। इससे छात्राओं को यह संदेश मिलता है कि परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। शिक्षकों की दृष्टि से यह कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी है। शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के मार्गदर्शक और प्रेरक होते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें यह समझने में सहायता मिलती है कि बच्चों को केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए उदाहरण और अनुभव शिक्षकों को अपनी शिक्षण शैली में सुधार करने की प्रेरणा देते हैं। इस कार्यक्रम की एक बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जाता है। अक्सर माता-पिता अनजाने में बच्चों पर अच्छे अंक लाने का दबाव बना देते हैं। परीक्षा पे चर्चा उन्हें यह समझाता है कि बच्चों की रुचि, क्षमता और मानसिक स्थिति को समझना अधिक आवश्यक है।

### दशरंगपुर रासेयो ने स्वच्छता रैली निकालकर स्वस्थ रहने आह्वान किया



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की 100 स्वयंसेवकों की इकाई ने ग्राम ज्ञानपुर में विशेष शिविर आयोजित कर स्वच्छता अभियान का आगाज किया। जिसमें जिला संगठक डॉ केएस परिहार व प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े व एसएमडीसी अध्यक्ष विजय चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित की गई। वहीं समाजसेवी छन्नू लाल साहू ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया। जिसमें स्वच्छ रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे, स्वच्छ ज्ञानपुर, स्वस्थ ज्ञानपुर, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि नारों से एएलटी स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता अभियान के प्रति प्रेरित कर रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को जन-जागरूक किया। कार्यकम में ग्राम ज्ञानपुर सरपंच पूर्णिमा डेहरे, शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सुकदेव प्रसाद चंद्राकर, व्याख्याता बद्रीप्रसाद सोनी, पूनम लाल सोनी, विजय सिंह ठाकुर, वेदप्रकाश साहू, विनोद साहू व कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## निधन

### बलराम सिंह ठाकुर



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा वार्ड क्रमांक 19 निवासी बलराम सिंह ठाकुर आयु 47 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिपरिया कॉलेज में प्यून के पद पर पदस्थ थे। अपने सरल, सौम्य एवं शांत स्वभाव के कारण वे समाज एवं महाविद्यालय परिवार में अत्यंत लोकप्रिय थे। स्व. बलराम ठाकुर तुलसी सिंह ठाकुर के बड़े भाई तथा विशाल सिंह ठाकुर एवं तुषार सिंह के पिता थे। उनके आकस्मिक निधन से नगर एवं परिवारजनों में शोक का माहौल बना है।

**सौगात:** अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही

# भावना बोहरा ने 8.44 करोड़ से निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं, विकास कार्यो एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो से आज वहां के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों एवं केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार की योजनाओं से निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत एवं जन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम रैतापारा एवं कुम्ही में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 8 करोड़ 44 लाख 37 हजार की लागत से सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं आंगनबाड़ी भवन व सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 5 करोड़ 8 लाख 91 हजार रुपए की लागत से एमएल 05 मेनरोड से रैतापारा तक 7.50 किलो मीटर एवं 3 करोड़ 13 लाख 77 हजार रूपए की लागत से रेहुंटा से कुम्ही-पंडरिया 4.86 किलो मीटर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम कुम्ही में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन एवं 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इन सड़क निर्माण से ग्राम पुतकी कला, पलानसरी, रैतापारा एवं कुम्ही, धोबघट्टी और रेहुंटा सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामवासियों को पक्की व बारहमासी सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विस्तार हेतु इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, सुमन चंद्रवंशी, श्रीमती रानी चंद्रवंशी, रविशंकर चंद्रवंशी, प्रदीपपुरी गोस्वामी, महामंत्री भागीरथी साहू, श्रीमती रूखमणी चंद्रवंशी, शेषनारायण चंद्रवंशी, श्रीमती अर्चना चंद्रवंशी, श्रीमती उत्तर देवी साहू, विद्यानंद चंद्रवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी**



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में करोड़ों रुपए की लागत से महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन व मातृत्व व शिशु सुरक्षा और पोषण हेतु आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों को बारहमासी सड़क सुविधा प्राप्त होगी। जिससे आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही आंगनबाड़ी व सामुदायिक भवन के निर्माण से बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा ग्रामीण समुदाय के सामाजिक कार्यक्रमों को सशक्त आधार मिलेगा।

**गांवों को शहरों से जोड़ने का सपना साकार हो रहा**

उन्होंने कहा कि इन सभी विकास कार्यो से पंडरिया व पाण्डातराई क्षेत्र में ग्रामीण सशक्तिकरण, मजबूत अधोसंरचना और समावेशी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ने का सपना साकार हो रहा है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे यही डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और प्राथमिकता है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया विधानसभा का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। आने वाले समय में भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## शिव ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं, शिव साक्षात तीनों लोक के स्वामी: पं. योगेश्वर दुबे



- कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे एवं उपाचार्य पंडित महेश्वर प्रसाद द्विवेदी के द्वारा प्रातः से सायं 4 बजे तक वेद-पुराणों के मंत्रों और श्लोकों के माध्यम से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है। महायज्ञ के दौरान पं. योगेश्वर दुबे ने अपने प्रवचन में कहा कि शिव ही ब्रह्मा हैं, शिव ही विष्णु हैं और शिव ही महेश हैं। भगवान भोलेनाथ साक्षात तीनों लोकों के स्वामी हैं, जहां श्री रुद्र महायज्ञ होता है, वहां स्वयं महादेव विराजमान रहते हैं और वातावरण शिवमय हो जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि समय निकालकर एक घड़ी या आधी घड़ी भी यदि श्री रुद्र महायज्ञ में सहभागी बनते हैं, तो वह गंगा स्नान के समान पुण्य फल देता है। साथ ही साथ ओम नमः शिवाय के जाप से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोलेगांव में श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का आयोजन लगातार 16 वर्षो से समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन से गांव में सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण बना रहता है। श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातः-संध्या परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। महायज्ञ के साथ प्रतिदिन 3 बजे से सायं 6 बजे तक शिव कथा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें कोलेगांव सहित आसपास के ग्राम धनेली, भगतपुर, बसनी, घोरपेंड्री, सेमरकोना, कुआंमालगी, कंझेटा, मोहतराकला, पिपरमाटी, अमलीमालगी सहित अनेक गांवों से श्रद्धालु पहुंचकर श्री रूद्र महायज्ञ में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

## महिला शक्ति के दम पर कांग्रेस की चुनावी हुंकार

- नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान, महिलाओं से हक-अधिकार के लिए आगे आने ममता ने की अपील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को झारखंड प्रदेश के बोकारो जिला अंतर्गत कथारा प्रखंड, बेरमो विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक भवन में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर ने किया। इस दौरान महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, संगठन विस्तार तथा आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव गुंजन सिंह, व डॉ सुधा प्रसाद एवं जिला अध्यक्ष अजंता सामद उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भारती सेनापति को बेरमो प्रखंड सचिव मनोनीत किए जाने पर उपस्थित महिला नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। मौके पर श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि महिला कांग्रेस का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस आज पूरे देश में सशक्त रूप में उभर रही है और झारखंड में भी संगठन की मजबूत उपस्थिति दर्ज हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महिला कांग्रेस इनके खिलाफ लगातार मुखर होकर संघर्ष कर रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने हक और अधिकार के लिए आगे आएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। राष्ट्रीय महासचिव गुंजन सिंह ने कहा कि महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरी निकाय चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि रमा खालको प्रदेश अध्यक्ष होने के साथ-साथ मेयर पद के चुनाव मैदान में प्रत्याशी हैं। नगरी निकाय चुनाव में 48 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी मैदान में हैं, जिन्हें विजयी बनाने के लिए संगठन पूरी ताकत से जुटा हुआ है। झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने मेयर पद के साथ-साथ नगरीय निकाय के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि महिला शक्ति के दम पर कांग्रेस नगरी निकाय चुनाव में मजबूत प्रदर्शन करेगी। बैठक में महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष सुषमा देवी, अंजली देवी, खुशबू सेनापति, उर्मिला बाग, शोभा सेनापति, जानवी देवी, टुपुर देवी, सेवा देवी, जययुक्ता सेनापति, सोनी देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक का समापन महिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान को गति देने तथा महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

### पूर्व छात्रा लक्ष्मी पटेल का सीआईएसएफ में चयन विद्यालय ने उनके पिता के साथ किया सम्मान



**हरिभूमि रणवीरपुर।** विद्यालय की उपलब्धियों में एक और कड़ी जुड़ गई है। विद्यालय की पूर्व छात्रा लक्ष्मी पटेल जो 12वी विज्ञान संकाय की छात्रा रही है, जो कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ में हुआ है। लक्ष्मी के सम्मान के लिए स्कूल परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में उनके पिता गिरधर पटेल को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने लक्ष्मी के हर फैसले में उनका साथ दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीएस उइके और शाला विकास समिति अध्यक्ष चेतन शुक्ला द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर बधाई दी गई। लक्ष्मी ने स्कूल के दिनों को याद कर माता-पिता के साथ व गुरुजनों के आर्शीवाद और मार्गदर्शन को ही सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि स्कूल में मिली शिक्षा और अनुशासन ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्मी पटेल ने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करती रही। लक्ष्मी पटेल ने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने पर ही सफलता मिलती है का मूल मंत्र भी समझाया। संस्था के व्याख्याता रामेश्वर लहरे, मुरलीशरण बघेल, श्रीमती हंसादेवी गहरवार ने उद्बोधन स्वरूप आर्शीवचन दिया। संस्था के व्याख्याता शशांक यादव ने पिता को परिभाषित करने व उनके सम्मान को कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिका जिनमें श्रीमती ममता देवांगन, श्यामाचरण देवांगन, श्रीमती लता साहू, विकास देवांगन, अरुण दास, श्रीमती बसंती ठाकुर, अदिति वर्मा, उमेश श्रीवास, चंद्रकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि एक छोटे से गांव की छात्रा का अर्धसैनिक बल में जाना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रवीणचंद्र ताम्रकार द्वारा किया गया।

### नल-जल योजना की पानी टंकियां शो-पीस बनीं, ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के कुण्डा क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमलीमालगी, बसनी, धनेली, पीपरमाटी, घोरपेंड्री, कंझेटा, भटरूसे, पथरी, कंझेटी सहित अनेक गांवों में नल-जल योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई विशाल पानी टंकियां आज भी शो-पीस बनकर खड़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन्हें आज तक नहीं मिल पाया है। गर्मी का मौसम नजदीक है, लेकिन इन टंकियों से अब तक एक बूंद पानी भी गांवों तक नहीं पहुंचा। हालात यह हैं कि लोग आज भी पुराने जल स्रोतों और निजी साधनों पर निर्भर हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शिकवा शिकायत कर आरोप लगाया है कि यह योजना सिर्फ ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने तक सीमित रह गई है। निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए, लेकिन न तो योजना की नियमित जांच हुई और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही की गई। स्थानीय लोगों की मांग है कि गर्मी शुरू होने से पहले इन सभी पानी टंकियों की तत्काल जांच कराई जाए, यह स्पष्ट किया जाए कि अब तक योजना चालू क्यों नहीं हुई और जहां भी तकनीकी या प्रशासनिक खामियां हैं, उन्हें तुरंत दूर कर पानी सप्लाई शुरू कराई जाए।

**उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया**

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

- विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व हास्य तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बरबसपुर में संचालित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष पंचराम कोशले एवं विशेष अतिथि रवेल पाटले सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सुआ, ददरिया, करमा, पंथी, राउत नाच, देशभक्ति गीतों के साथ-साथ भाषण, कविता एवं हास्य प्रस्तुतियों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों के उत्साहपूर्ण कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों एवं पालकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने जानकारी दी कि पिछले सत्र में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल के प्राचार्य रामशरण साहू, शिक्षक लक्ष्मण मिरी, सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक मुरली प्रसाद झारिया, शिक्षक विपिन शर्मा, संध्या बंजारा, रजनी कोसरिया सहित बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनरेगा को लेकर कांग्रेस ने लगाई जन चौपाल

**कवर्धा।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनरेगा जन चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर व मजगांव में चौपाल लगाकर जन-जन तक केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर व बंद किए जाने की साजिश के खिलाफ सशक्त रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों को बताया कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण परिवारों के जीवन-यापन का मजबूत सहारा है। लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बंद करने का षड्यंत्र कर रही है।

# 1 करोड़ 77 लाख की लागत से पचराही-बोदा सड़क निर्माण कार्य की रखी गई नींव

### विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जिले में लगातार हो रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 77 लाख 99 हजार रुपये की लागत से पचराही से बोदा तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ विकास की नई राह खोलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू एवं पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में जिले में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। गांव से लेकर शहर तक अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़े-बड़े कार्य धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जिले को नई दिशा मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में घोठिया में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है, जो जिले के लिए एक



ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। उन्होंने आगे कहा कि पचराही-बोदा सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस सड़क के निर्माण से पचराही, बोदा सहित आसपास के गांवों के लोगों को वर्षभर सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं और आम जनता को उसका सीधा लाभ मिल रहा है। डॉ. साहू ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचे और यह सड़क उसी दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धुर्वे, नितेश अग्रवाल, मोहनसिंह धुर्वे, कांशीराम उइके, अमित वर्मा, नंदे पटेल, नरेश चंद्रवंशी, विश्वनाथ मेरावी, हरिचंद मेरावी, रमेश मेरावी, श्रीमती उर्मिला साकत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कार्रवाई : बैगा ट्राइबल आवास घोटाले में कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई

# गरीबों के आवास की राशि गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनकल्याणकारी योजनाओं में अनियमितता के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्राइबल एवं बैगा आवास योजना की राशि गबन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भापुसे) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कुकरापानी के सचिव सिद्धराम मसराम ने दिनांक 5 फरवरी 2026 को थाना तरेगांव जंगल में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत कुकरापानी के खाते में ट्राइबल एवं बैगा आवास योजना की राशि 21 लाख 50 हजार रुपये 30 अक्टूबर 2024 को जमा हुई थी।

28 नवम्बर 2024 को जनपद पंचायत बोड़ला के बाबू लोचन जायसवाल द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त राशि जिला पंचायत के माध्यम से प्राप्त हुई है तथा तकनीकी सहायक पवन चंद्रवंशी एवं ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी को आवास निर्माण हेतु भुगतान किया जाना है। इसके बाद तत्कालीन सरपंच रमली बाई, सरपंच पति मोती बैगा एवं सचिव द्वारा बैंक से संपूर्ण राशि आहरित कर तकनीकी सहायक एवं ठेकेदार को सौंप दी गई। शिकायत में उल्लेख किया गया कि आज दिनांक तक ग्राम पंचायत कुकरापानी के किसी भी बैगा आदिवासी परिवार का आवास निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है। आरोप है कि तकनीकी सहायक पवन चंद्रवंशी एवं ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी ने छलपूर्वक पूरी राशि हड़प ली, जिससे 17 बैगा परिवारों को भारी आर्थिक क्षति हुई।

मामले में थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 03/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 316(5), 3(5) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(2)(व) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पवन चंद्रवंशी शासकीय सेवक (पंचायत तकनीकी सहायक) है, जिस कारण संबंधित धाराएं जोड़ी गईं।

#### अन्य निर्माण कार्य में किया गया राशि का उपयोग



पुलिस ने आरोपी ठेकेदार छोटूराम चंद्रवंशी पिता स्व. रामरतन चंद्रवंशी, उम्र 47 वर्ष, निवासी लखनपुर खुर्द थाना बोड़ला को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि आवास निर्माण की राशि से खरीदी गई निर्माण सामग्री का उपयोग उसने अन्य ठेकेदारी कार्यों में कर लिया। पुलिस ने आरोपी से संबंधित रसीदें एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया है। आरोपी छोटूराम चंद्रवंशी को 7 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई है। प्रकरण का अन्य आरोपी पवन चंद्रवंशी घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल वसीम बारी, आरक्षक मनोज लहरे, विलकेश कोसरिया तथा बोड़ला थाना से एसआई गोविंद चंद्रवंशी, एएसआई प्रह्लाद चंद्रवंशी, आरक्षक राजेश साहू का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ग्राम पंचायत सोढ़ा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



- विधायक भावना बोहरा ने किया 35 प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सोढ़ा में आज प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के साथ-साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं, वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगशिक्षक लेखू बाबा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक भावना बोहरा ने कहा कि गांव की प्रतिभाएं ही समाज की असली ताकत होती हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और बच्चों में आगे बढ़ने की भाव को मजबूत करते हैं। विधायक ने ग्राम पंचायत सोढ़ा द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार के साथ-साथ प्रतिभाओं का सम्मान भी जरूरी है, जिससे आने वाली पीढ़ी आगे बढ़कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करे।

#### विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे लोगों का सम्मान

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत सोढ़ा के उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जो अलग-अलग विभागों और क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। सम्मानित किए गए लोगों में एडीईओ सियाराम साहू, जीएसटी इंस्पेक्टर गेंदलाल चेलकर एवं दिनेश हाटिले, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रद्धा चंद्रवंशी, नर्सिंग ऑफिसर पूर्णिमा चंद्रवंशी, रिंकी हाटिले, आरक्षक गजेंद्र चंद्रवंशी, योग शिक्षक लेखू बाबा, पत्रकार संजय यादव, व्याख्याता सुनील साहू, अयोध्या बंजारे सहित कुल 35 लोगों को सम्मानित किया गया।

#### ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य

ग्राम पंचायत सोढ़ा के सरपंच प्रतिनिधि रामवतार चंद्रवंशी ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गांव के उन बच्चों और वरिष्ठजनों को सम्मानित करना था जो विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इससे गांव के अन्य बच्चों और युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में गांव से और अधिक प्रतिभाएं निकलकर सामने आएंगी। आने वाले सत्र मे 10 वी -12 वी के ग्राम से टॉपर आने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी चयनित जीएसटी ऑफिसर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोढ़ा के सभी पंच गण, दोनों स्कूलों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

## मांगों को लेकर अंशकालीन सफाई कर्मचारी संघ ने सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने गत दिनो अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा संघ के संरक्षक विजय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की तथा अपनी मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

इस बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, मंत्री केदार कश्यप तथा विभागीय सचिव उपस्थित थे। संघ से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने संघ के पदाधिकारियों की मांगों पर आश्वासन देते हुए उन्हें आगामी बजट में पूरा करने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी विगत कई वर्षो से अल्प मान देय में सेवाएं देते आ रहे हैं और मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं।

# पुलिस प्रशासन ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत घानीखुंटा में किया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस द्वारा थाना रेंगाखार क्षेत्रांतर्गत ग्राम घानीखूंटा में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा ग्राम घानीखूंटा पहुंचकर किया गया। यह कबड्डी प्रतियोगिता 06 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि युवाओं को नशा, अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है, ताकि समाज में शांति, सद्भाव और सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, अनुशासन का पालन करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों से पुलिस प्रशासन को सहयोग देने एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, थाना रेंगाखार के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कबीरधाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के खेल एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन कर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में जंगली सुअर के शिकार की आशंका



**कवर्धा।** वन्यप्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित पनाहगार माने जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण में वन्यप्राणियों का अवैध शिकार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल के दिनो में इस अभ्यारण में चार बायसन का शिकार का मामला सामने आ चुका है। माना जा रहा था कि शिकारियों द्वारा किए गए इन शिकारों के सामने आने के बाद वन विभाग अभ्यारण की चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था करेगा और पुनः अभ्यारण क्षेत्र में वन्यप्राणियों का शिकार असंभव हो जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ऐसा होते दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों की माने तो यहां अब भी शिकारी सक्रिय है और वन्यप्राणियों का शिकार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भोरमदेव मंदिर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर जंगली सुअर के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। यह घटना भोरमदेव से बंजारी जाने वाले मार्ग पर करीब 3 से 4 दिन पहले की बताई जा रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस दौरान वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना स्थल से प्राप्त फोटो और वीडियो में जंगली सुअर के बाल, साथ ही पेड़ों पर गुथे हुए तार साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि शिकारियों ने पूरी योजना और तैयारी के साथ इस वारदात को अंजाम दिया। तार फंदे का उपयोग कर शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में अब वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। देखने वाली बात होगी कि वन विभाग इस पर आगे क्या कार्यवाही करता है।

### प्रथम दिवस शोभायात्रा के साथ प्रारंभ, काशी धाम से पधारे जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य का दिव्य कथा वाचन

# कुण्डा में सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ, उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

आध्यात्मिक चेतना, श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम कुण्डा में हुआ। प्रथम दिवस की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें काशी धाम से पधारे जगतगुरु उपाधि से अलंकृत पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य (काशी-बनारस) का श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। हरिमंदिर से कथा स्थल तक पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा के पश्चात थाना के सामने स्थित यज्ञ स्थल पर विधिवत श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें। रामचरित मानस से जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है प्रथम दिवस के कथा वाचन में पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य ने कहा कि जहां रामचरित मानस की कथा होती है, वहां जाकर केवल कथाश्रवण



और ताली बजाने मात्र से भी अनेक शंकाओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा वह दिव्य प्रवाह है, जिसके श्रवण से मन, वाणी और कर्म स्वतः पवित्र हो जाते हैं तथा जीवन में सत्मार्ग और सद्भाव का संचार होता है।

दशरथ की चिंता से रामावतार तक : पुत्रेष्टि यज्ञ का दिव्य प्रसंग श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य ने रामचरित मानस से राजा दशरथ के जीवन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि अयोध्या के प्रतापी राजा दशरथ यशस्वी, धर्मनिष्ठ और प्रजावत्सल थे, किंतु बढ़ती आयु और श्वेत होते केश उन्हें निरंतर एक ही चिंता से व्याकुल किए रहते थे, वंश आगे बढ़ाने के लिए संतान की प्राप्ति। राजा दशरथ ने अनेक प्रयास किए, परंतु संतान सुख से वंचित रहने के कारण उनका मन उदास रहने लगा। इसी व्यथा के समाधान हेतु उन्होंने महर्षि श्रृंगी ऋषि का आशीर्वाद प्राप्त किया। ऋषि के निर्देश पर अयोध्या में भव्य पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में देवताओं का आवाहन हुआ और विधि-विधान से आहुति दी गई। यज्ञ की पूर्णाहुति के समय अग्निकुंड से देवदूत के रूप में सूर्यदेव प्रकट हुए, जिन्होंने राजा दशरथ को दिव्य खीर की प्रसादी प्रदान की। कार्यक्रम में संयोजक सुरेंद्र छाबड़ा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेष पटेल, उत्तर यादव, रघुनंदन पाठक, बाबूलाल रजक, दुःख निवारण गुरुद्वारा के बाबा हरदीप सिंह, रणजीत छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की मांग, टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न अर्थात पारी बाहर पदोन्नति तथा सेवानिवृत्ति तिथि से तीन साल की सेवा वृद्धि देने की मांग किया है। कलेक्टर की ओर से अपर कलेक्टर विनय पोयाम ने ज्ञापन स्वीकार किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि अपने बेहतर नवाचारी कार्यों से पुरस्कृत होने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमोशन व सेवावृद्धि आवश्यक है, ताकि अन्य



शिक्षक भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हो सके। साथ ही पुरस्कृत शिक्षकों की सेवा का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो सके। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, राजेश तिवारी, उमेश चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, वंदना तागड़े, भूपेंद्र जाटवर, लक्ष्मण मिरी, देवन धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेश वर्मा, शिव धुर्वे, नरेंद्र चंद्रौल, विनोद राजपुत, इंद्रभूषण राय, रवि भगत, भूपेंद्र साहू, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, राजेन्द्र निर्मलकर, रामसिंह साहू, हुकमीचंद धुर्वे, लक्ष्मण चन्द्रवंशी, नंद कुमार साहू, सतरूपा धुर्वे, नकुल वर्मा, पन्ना लोधी, उमा बघेल, मिट्ठू साहू, सुलोचना राजपूत, सुलेखा रात्रे, शाहिदन कुरैशी, पूनम धुर्वे आदि उपस्थित थे।